## सार-समाचार

### सहकार सदस्यता अभियान में सवाई माधोपुर अग्रणी

**सवाई माधोपुर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार 2 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक जिले में आयोजित 'सहकार सदस्यता अभियान' के अंतर्गत सवाई माधोपुर जिले की 203 प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) में शिविरों का सफल आयोजन किया गया। सवाई माधोपुर केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक बिजेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जिले की 203 पैक्स में शिविरों का आयोजन किया गया है। जिले में 15 हजार 653 नये सदस्य बनाए जाने के विरुद्ध 19 हजार 156 नए सदस्य बनाए गए जिसमें 11 हजार 603 पुरुष एवं 7 हजार 553 महिलाओ को सदस्य बनाकर सहकारी समितियों से जोड़ा गया है। इसी प्रकार अभियान में पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लम्बित आवेदनों में से 1 हजार 95 पात्र कृषकों की आधार सीडिंग तथा 945 पात्र कृषकों की ई-केवाईसी का कार्य किया जा चुका है तथा 27 हजार 777 लोगों को प्रस्तावित कानून के प्रावधानों एवं सरकारी योजनाओ से अवगत करवाया गया है। इन शिविरों में आमजन और सहकार बंधुओं की बड़ी संख्या में भागीदारी रही है और सहकारिता विभाग से संबंधित कार्य अभियान के माध्यम से तीव्र गति से सम्पन्न हुए हैं। इसके अतिरिक्त पैक्स विहीन ग्राम पंचायतों में 'ग्रमीण सेवा शिविरों' के अंतर्गत अभियान से संबंधित गतिविधियां संपादित की गई।

### शिक्षक व्यावसायिक विकास प्रशिक्षण

**करौली।** समेकित बाल विकास सेवा एवं रॉकेट लर्निंग संस्था के संयुक्त तत्ववाधान में करौली सिटी-2 के आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 34 पर शिक्षक व्यावसायिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शैक्षिणक गतिविधियों में नवाचार लाने, बच्चों के सर्वांगीण विकास व खेल-खेल में सीखने की विधि, आंगनवाड़ी पर बच्चों की सुरक्षा व व्यवस्था, टीएलएम के माध्यम से बच्चों को सीखने, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, ईसीसीई (बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा) डिजिटल माध्यम से शिक्षण सामग्री का उपयोग तथा बच्चों के समठा विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की। प्रशिक्षण के दौरान 18 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता दिखाई और समूह चर्चा, प्रश्नोत्तरी व प्रायोगिक गतिविधियों के माध्यम से विषयों की गहराई से समझ विकसित की। रॉकेट लर्निंग जिला समन्वयक अभिषेक गुजराती ने सीडीपीओ सत्यप्रकाश शुक्ला के द्वारा प्रतिभागियों को गोल्ड व सिल्वर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### निशुल्क भोजनशाला में जन्मदिन मनाया

**करौली।** करौली जिले के वरिष्ठ एडवोकेट नवल किशोर शर्मा ने अपनी पुत्री नंदिनी शर्मा न्यायिक मजिस्ट्रेट देहली(दिल्ली न्यायिक सेवा अधिकारी) का मां अन्नपूर्णा निशुल्क भोजनशाला में जन्मदिन मनाया। करौली की नई सब्जी मंडी के पीछे संचालित मां अन्नपूर्णा भोजशाला में एडवोकेट नवल किशोर शर्मा ने अपनी पुत्री नंदिनी शर्मा न्यायिक मजिस्ट्रेट दिल्ली का जन्मदिन मनाते हुए अपने परिवारजनों मुकुट बिहारी शर्मा, गोविंद शर्मा के साथ भोजनशाला में अस्पताल में भर्ती रोगी एवं उनके परिवारजन सहित असहाय सभी प्रभुजनों को भोजन प्रसादी कराई। इस अवसर पर भोजनशाला समिति के अध्यक्ष बाला साहब, टीकाराम मीणा गैस वाले, प्रकाश शर्मा एमटीओ, जितेंद्र सिंह अक्षय शर्मा उर्फ शिवजी हरदेनिय ने नंदिनी को जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं साथ ही नवलकिशोर एडवोकेट का आभार जताया।

### भगवान के चित्रों को कचरे में ना डालने की अपील

**करौली।** चैनपुर कस्बे में आस्था जागृति मंच के तत्वाधान में प्रतिष्ठित लोगों, युवाओं और बुजुर्गों ने कस्बे के चौराहे, वस स्टेंड, चौधरी चौक पर बैनर लगाकर देवी देवताओं के फोटो,कैलेण्डर, चित्र, शादी कार्ड, विज्ञापन सामठी जिन पर भगवान के फोटो हो, पूजा-अर्चना के बाद अनुपयोगी सिंगार के पुराने पुष्प, माला, आभूषण, वस्त्र, चोला, पेंडिंल, पेंटिंग आदि आस्था वाले सामान को सड़क, कचरा, गंदगी के ढेर में नहीं डालने के जागरूक किया गया। चैनपुर सरपंच प्रतिनिधि और समाज सेवी समय सिंह मीना, व्यापारी अजीत सीमेंट वाले, युवा समाज सेवी शिवराज सिंह मेंबर, पंचायत समिति प्रतिनिधि मदन शाक्य, दुकानदार संजय जायसवाल, आशीष गोयल, राकेश जायसवाल, सोनू सेन, राम सिंह मीना, भूपेंद्र बना, ऋषिकेश मीना, रविन्द्र प्रजापति के साथ साथ बुजुर्ग माखन जंगम, शिव सिंह राजपूत, हरि सिंह राजपूत, भगत राम मीना, संतोषी जोगी, बाबू माली, कैलाश माली व्यवसायी राजकुमार राजौरा आदि ने इस अभियान को घर घर इस आस्था संदेश को पहुंचा कर जागरूक किया।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**करौली।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि दीपक माली पुत्र अमरलाल माली निवासी धूगढ, अटा तहसील व जिला करौली की 14 अगस्त 2021 को पानी में डुब जाने से मृत्यु हो जाने पर करौली के तहसीलदार की रिपोर्ट प्राप्त होने पर मृतक के परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण मुख्यमंत्री सहायता कोष से राशि 1 लाख रूपये की आर्थिक सहायता मृतक के पिता अमरलाल माली को भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई।

# सवाई माधोपुर में खाद्य सुरक्षा विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई

■ **सोहन पपड़ी कारखाने पर मारा छापा, 90 किलो चासनी, 50 लीटर यूज्ड आयल व 8 किलो लड्डू कराए नष्ट**

**सवाईमाधोपुर।** युक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान डॉक्टर टी शुभमंगला मैडम के निर्देश पर प्रदेश में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत सी एम एच ओ सवाई माधोपुर डॉक्टर अनिल कुमार जैमिनी के नेतृत्व में फूड सेफ्टी ऑफिसर वेद प्रकाश पूर्विया व नितेश गौतम की टीम दीपावली के त्योहार पर लगातार ताबड़तोड़ छापेमार कारवाही कर रही है। टीम ने जब राजनगर स्थित अग्रवाल सोहन पपड़ी व नमकीन के गोदाम पर छापा मारा तो वहाँ चारों और गंदगी मिली व गंदे नाले के किनारे सोहन पपड़ी बनाते मिले तथा खाद्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी देखने को मिली। खाद्य अनुज्ञा पत्र नहीं था वैद्य स्तर का।कर्मचारियों के मेडिकल सर्टिफिकेट भी नहीं मिले। मौके पर थमाया धारा 32 के तहत नोटिस तथा सोहन पपड़ी का नमूना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत लिया

इसके बाद टीम पारस मिष्ठान भंडार पारीक शॉपिंग सेंटर पहुंची वहां जिस तेल में कचौड़ी समोसे तले जा रहे थे। उसका टी पी सी मीटर से चेक करने पर टीपीसी वैल्यू 25 से ज़्यादा मिला। यहां 50 लीटर यूज्ड ऑयल व 90लीटर खराब चासनी मोके पर नष्ट करायी व रेडीमेड बाहर से मंगा रहे मिल्क केक व कलर डाल कर बना रहे खीरमोहन के नमूने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत लिए। खाद्य पदार्थो में कलर का उपयोग नहीं करने के लिए पाबंद किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का कहना है कि खाद्य पदार्थों में कलर का इस्तेमाल हार्ट, लिवर, व पाचन तंत्र को नुक़सान पहुँचा रहा है। इसलिए आमजन को सलाह है की बिना कलर वाली मिठाइयाँ ही इस दिवाली पर ख़रीदे।

कलर युक्त सभी प्रकार की खाद्य सामग्री को अपने घर पर नहीं लाए।इसके बाद टीम ने सवाई माधोपुर सिटी स्थित लक्ष्मी मिष्ठान भंडार से मावा व मिल्क केक का व राधेश्याम कल्याणमल (हरिओम मिष्ठान भंडार) से मावा बर्फ के नमूने लिए। इसके बाद टीम ने आस्था सर्किल स्थित आस्था मिष्ठान भंडार पर पहुंचे। जहां साफ़ सफ़ाई का स्तर काफ़ी अच्छा पाया गया। यहां ऑर्डर पर काजू कतली, बादाम कतली, मूंग बर्फ़, मोहन थाल, बूंदी लड्डू आमजन को विक्रय हेतु बनाए जा रहे थे जिनमे किसी भी प्रकार के कलर का उपयोग नहीं किया जा रहा था।यहाँ काम में लिए जा रहे तेल की जाँच करने पर पाया कि क्वालिटी तय मानको के अनुरूप थी।इसके बाद टीम विजय दूध डेयरी पहुंचे जहाँ बनाए जा रहे घी (लूज )का नमूना खाद्य सुरक्षा एवम मानक अधिनियम के अंतर्गत लिया। लिए गए सभी नमूनों को खाद्य प्रयोगशाला जयपुर भिजवाया गया। लैब रिपोर्ट प्राप्त होने पर तदनुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के अनुसार सख्त अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# जिला प्रमुख के बाल वाहिनीयों के फिटनेस की जांच के आदेश

■ **विकास कार्यों का अनुमोदन**

**करौली।** जिला परिषद करौली की साधारण सभा की बैठक जिला प्रमुख शिमला बैरवा की अध्यक्षता में बुधवार को भारत निर्माण राजीव गांधी जन सुविधा केन्द्र के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में बाल वाहिनीयों के फिटनेस की जाँच के आदेश दिये गये।

उन्होंने बताया कि बैठक मे कार्यवाही विवरण के बिन्दुओं पर चर्चा की गई जिनमें विद्युत समस्या, सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की प्रगति, स्वास्थ्य एवं मौसमी बीमारियों, शिक्षा से संबंधित गतिविधियों, विभिन्न अभियानों एवं कार्यक्रमों, नीतियों आदि के क्रियान्वयन, पंचायती राज विभाग, कृषि एवं पशुपालन विभाग, समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जल संसाधन विभाग सहित अन्य विभागों की विभागीय योजना, गतिविधियों एवं कार्यकलापों की समीक्षा कर विभागवार विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बिजली, पानी, चिकित्सा, सड़क, शिक्षा, कृषि सहित अन्य सभी विभागों से संबंधित आमजन की समस्याओं को सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा साधारण सभा में रखा गया। वहीं डांग क्षेत्र के सुदूर इलाकों में रहने वाले ग्रामवासियों की मांगों एवं समस्याओं पर भी बैठक के दौरान विस्तृत चर्चा की गई।

जिससे जिलेवासियों को इन समस्याओं से जल्द से जल्द निजात दिलाया जा सके। इस दौरान उन्होंने साधारण सभा की बैठक में जन प्रतिनिधियों के द्वारा उठाई गई समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में जिला प्रमुख ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को विद्यालयों का नियमित निरीक्षण एवं प्रभावी मॉनिटरिंग के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता के स्तर को बनाये रखने के निर्देश प्रदान किये। बाल वाहिनीयों के फिटनेस की जाँच के आदेश दिये। उन्होंने बताया कि जिले के 33 विद्यालय जर्मीदोज किये गये है, जिनमें से कई विद्यालयां के विद्यार्थियों की सुचारू शिक्षा के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने अनुपस्थित अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

साधारण सभा की बैठक में कई विकास कार्यों के प्रस्ताव रखा गया जिसको सभा द्वारा मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में राजकीय चिकित्सालय नादौती में खड़ी एम्बूलेंस संचालन की स्थिति ब्यौरा भी प्राप्त किया। इस अवसर पर सानिवि के अधीक्षण अभियन्ता जयलाल मीणा, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता रूपसिंह गुर्जर, पीएचईडी के अधीक्षक अभियन्ता प्रकाश चंद मीणा सहित अन्य अधिकारी, साधारण सभा के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

### जमानत मिली

**करौली।** राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर ने करौली जिले के हिंडोन सिटी के केशवपुरा मोहल्ला में दो पक्षों के लोगों में जबरदस्त जानलेवा हमले के मामले में मुख्य आरोपी देवा की जमानत आवेदन स्वीकार कर लिया। अभियुक्त याची ने अपने अधिवक्ता हरिराम गुर्जर के द्वारा हाईकोर्ट में जमानत आवेदन दाखिल किया। राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर के अधिवक्ता हरिराम गुर्जर ने बहस करते हुए कहा कि याची निर्दोष है उसे प्रकरण में झूठा फंसाकर इस मामले में मुख्य आरोपी ठहराया गया है जो ग़लत है। प्रथम सूचना रिपोर्ट व बयानो में गंभीर विरोधाभास है। करीब 9 लोगों के खिलाफ दर्ज इस मामले में याची को अनुसंधान में विरोधाभास बयान व गलत साक्ष्य होने के बावजूद मुख्य आरोपी माना है। जबकि हैंड इंजरी के मामले में चिकित्सक ने अनिश्चित व अस्पष्ट रिपोर्ट व राय दी है। लोक अभियोजक ने जमानत का विरोध किया। न्यायालय ने पत्रावली अवलोकन व दोनों पक्षों की बहस सुनी तथा याची के अधिवक्ता हरिराम गुर्जर की बहस से संतुष्ट होकर राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश सी.पी. श्रीमाली ने याचिकाकर्ता देवा गुर्जर को जमानत प्रदान की।

### विकास कार्यों पर चर्चा

**भरतपुर** (निस)। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री अरविंद पाल सिंह, उदयन चौधरी ने मुख्यमंत्री निवास पर जाकर भेंट की अरविंद पाल सिंह में भरतपुर के हो रहे विकास कार्य के बारे में माननीय मुख्यमंत्री को जानकारी दी। जिसमें सारस चौराहे से सर्किट हाउस हो रही चौडाई,अंडरग्राउंड बिजली की लाइन ,पद्म विला से कन्नी गुर्जर तक बन रही सड़क,भरतपुर की डिग्गीओ का सौंदर्य की कारण एवं इलेक्ट्रिफिकेशन, ओवरब्रिज निर्माण, बाईपास एवं सारस से बिजली घर तक चल रही विकास कार्य, रेलवे स्टेशन से किले तक पुलिया एवं सड़क निर्माण के बारे में चर्चा की तथा भरतपुर की अन्य समस्याओं से अवगत कराया।

# फतेहसिंहपुरा रेल्वे स्टेशन पर टूलबॉक्स का उद्घाटन

■ **ग्रामीणों ने प्रमुख इंजीनियर को सौंपा ट्रेनों के ठहराव और आरक्षण खिड़की खोलने का ज्ञापन**

**सूरौठ।** पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य अभियंता आशुतोष कों ने बुधवार को फतेहसिंहपुरा रेलवे स्टेशन का दौरा कर निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने जबलपुर जोन में निर्मित 7 टूलबॉक्स में से पहले टूलबॉक्स का फीता काटकर उद्घाटन किया, यह टूलबॉक्स ट्रैकमैनों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा, जिसमें वे अपना सामान सुरक्षित रख सकेंगे और विश्राम कर सकेंगे। निरीक्षण के दौरान स्थानीय ठाामीणों ने प्रमुख अभियंता को एक मांग-पत्र सौंपते हुए कोटा-निजामुद्दीन जनशताब्दी एक्सप्रेस, उदयपुर-निजामुद्दीन मेवाड़ एक्सप्रेस, और गंगापुर सिटी-कासगंज-निजामुद्दीन ट्रेनों का फतेहसिंहपुरा रेलवे स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित करने की मांग की। इसके अलावा, स्टेशन पर आरक्षित टिकट खिड़की खोले जाने की भी मांग की गई। ग्रामीणों का कहना है कि फतेहसिंहपुरा स्टेशन दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग पर स्थित है और यहां से हजारों लोग रोज़ाना विभिन्न राज्यों की यात्रा करते हैं। क्षेत्रीय कस्बा सूरौठ की जनसंख्या लगभग 25,000 से 30,000 के बीच है, जिनमें से 5,000 से 7,000 लोग रोज़गार की तलाश में अन्य राज्यों में रहते हैं। इन लोगों का रेल्वे से नियमित आना-जाना होता है, ऐसे में ट्रेनों के ठहराव और आरक्षित खिड़की की सुविधा अत्यंत आवश्यक है। ज्ञापन सौंपने वालों में,शूटिंग बॉल संघ के सचिव विश्राम मीणा, समाजसेवी रजनीश मीणा, ब्राह्मण समाज युवा अध्यक्ष प्रमोद तिवारी, पंचायत समिति सदस्य बृजेश भारद्वाज,भय सिंह मीणा, रामप्रताप पाराशर, हरिसिंह मीणा, राजीव मीणा, राजेश मीणा और नरसी प्रजापत प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# डॉ. किरोड़ी का गंगापुर सिटी में खाद-बीज गोदामों पर छापा

**गंगापुर सिटी।** कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने बुधवार को गंगापुर सिटी का आकस्मिक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर खाद-बीज के कई गोदामों पर अचानक छापेमारी की। मंत्री ने ट्रक यूनियन क्षेत्र में स्थित बाबा कृष्णा खाद बीज, माठा ब्रदर्स, बालकृष्ण खाद बीज भंडार, बजरंग ट्रेडिंग कंपनी और अग्रवाल खाद बीज भंडार सहित कई दुकानों और गोदामों का निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान विभिन्न दुकानों से गेहूं सहित अन्य बीजों के नमूने लिए गए। धर्मेन्द्र खाद बीज भंडार बंद मिलने पर मंत्री ने दुकान का उर्वरक विक्रय रोकने और उसे सीज करने के निर्देश दिए। यह पूरी कार्रवाई कृषि विभाग के अतिरिक्त निदेशक जयपुर कैलाशचंद मीणा के निर्देशन में गंगापुर सिटी, सवाईमाधोपुर और आसपास के कृषि अधिकारियों की टीम द्वारा की गई। अचानक हुई इस छापेमारी से खाद-बीज व्यापारियों में हड़कंप मच गया, और कई दुकानदार कार्रवाई के डर से अपनी दुकानें बंद कर मौके से चले गए। इस दौरान कुछ किसानों ने यूरिया खाद की कमी और कालाबाजारी की शिकायत मंत्री से की, जिस पर डॉ. मीणा ने सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। बाद में मंत्री ने रीको औद्योगिक क्षेत्र स्थित बजरंग ट्रेडिंग कंपनी के गोदाम पर भी छापा मारा, जहां से विभागीय अधिकारियों ने नमूने एकत्र किए। इस पूरी कार्रवाई में कृषि विभाग के अधिकारी और स्थानीय प्रशासन मौजूद रहा।

# डॉ. किरोड़ी ने खाद-बीज के गोदामों में पकड़ी गड़बड़ी

**हिंडौन सिटी।** राजस्थान के कृषि एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने बुधवार को हिंडौन सिटी में खाद-बीज भंडार केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें कई अनियमितताएं मिलीं, जिनमें मिलावटी बीज की शिकायतें, एक लाख से ज्यादा अनुपयोगी बीज पैकेट और प्रतिबंधित कीटनाशक शामिल हैं।

मंत्री मीणा ने बुधवार सुबह करीब 11 बजे हिंडौन सिटी के क्यारदा खुर्द स्थित राजस्थान स्टेट सीड्स कॉरपोरेशन लिमिटेड के गोदाम का निरीक्षण किया। यहां नादौती के बामोरी निवासी किसान मिट्ठन लाल धाकड़ ने चने के बीज में मिलावट की शिकायत की। किसान ने बताया कि राज सीड्स से खरीदे गए बीज में खराब मिश्रण पाया गया, जिसकी गुणवत्ता जांच में फेल हो गई थी।

निशुल्क दिए जाने वाले बीज के पैकेट मिले निरीक्षण के दौरान कृषि बजट 2023-24 के तहत निशुल्क बीज वितरण के लिए रखे गए 1 लाख से ज्यादा पैकेट गोदाम में अनुपयोगी पड़े मिले। डॉ. किरोडी लाल मीणा ने इस पर संज्ञान लेते हुए इतनी बड़ी संख्या में बचे हुए पैकेट की विस्तृत जांच करवाने के निर्देश दिए। इसके बाद, मंत्री और विभागीय अधिकारियों ने करौली रोड स्थित बैंक ऑफ बडऱौदा के पास एक खाद-बीज भंडार की दुकान का भी निरीक्षण किया। यहां लाइसेंस, स्टॉक और माल की एक्सपायरी डेट की जांच की गई।

इस दुकान में 20 बाल्टियां प्रतिबंधित छिड़काव सामग्री की पाई गई।निरीक्षण के बाद मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा और विभागीय अधिकारी करौली के लिए रवाना हो गए। इस दौरान कृषि विभाग और राजफेड के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### जिला स्तरीय जनसुनवाई स्थगित

**करौली।** अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशों की अनुपालना में 16 अक्टूबर तृतीय गुरूवार को होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई को शहरी सेवा शिविरों एवं ठाामीण सेवा शिविरों व्यस्तता के कारण स्थगित किया गया है।

## सार-समाचार

### आठ आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

**करौली।** न्यायालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश करौली ने वर्ष 2020 में गांव करसाई में हुई जल सिंह की हत्या के मामले में अपना निर्णय सुनाया है। जिला एवं सेशन न्यायाधीश माधवी दिनकर ने हत्या के आरोपी मोहन, रमेश, पृथ्वी लाल,धर्म सिंह, सूरज लाल, ऋषिकेश, नरसी और समय सिंह कुल 8 आरोपीयो को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास एवं 50 हजार रुपए के अर्थदंड से आरोपीयों को दंडित किया है। लोक अभियोजक एवं राजकीय अधिवक्ता रीतेश सारस्वत ने बताया कि गत 4 जुलाई 2020 को ग्राम करसाई में जल सिंह नामक व्यक्ति की मुलजिमान द्वारा हत्या कर दी गई थी। न्यायालय में प्रकरण पर विचरण के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 33 गवाहों और 62 दस्तावेजी साक्ष्य को पेश किया गया था। जिस के आधार पर न्यायालय ने आरोपियों को दोषी मानते हुए दंडित किया है।

### निविदा निरस्त नहीं की तो धरने पर बैठेंगे पार्षद

**करौली।** करौली नगर परिषद के अधिकांश पार्षद सभापति के मनमानी पूर्ण रवैया और हटधर्मिता के विरोध में लामबंद हुए जिन्होंने सिटी पार्क में बैठक कर निविदा निरस्त करने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि निविदा निरस्त नहीं की तो आज कलेक्ट के सामने धरना देने की चेतावनी दी। ज्ञात रहे नगर परिषद प्रशासन द्वारा 49.98 लाख रुपए की सभी वार्डों से भेदभाव करने का पार्षदों ने सभापति पर आरोप लगाते हुए गत दिन क्षेत्रीय विधायक दर्शन सिंह गुर्जर को ज्ञापन सौंप कर निविदा निरस्त करने की मांग की गई जिस मांग पत्र को लेकर विधायक गुर्जर ने उप जिला कलेक्टर एवं कार्यवाहक नगर परिषद आयुक्त प्रेमराज मीना को निविदा निरस्त करने के निर्देश दिए गए थे। पार्षदों ने बताया कि नगर परिषद आयुक्त के निविदा निरस्त करने से इनकार करने पर नगर परिषद के अधिकांश पार्षद लामबंद हो गए और सिटी पार्क में बैठक आयोजित कर नगर परिषद सभापति के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि आज गुरुवार को प्रातः 11:00 बजे से कलेक्ट के सामने धरना पर बैठने का निर्णय लिया। इस मौके पर पार्षद थान सिंह मुंडिया, मंजूर अहमद पठान, जितेंद्र सिंह, साहिन खान, दीपक शाक्यवार ,मिथलेश देवी, रिहान खान, संजीव जैन, संजय शर्मा, वचन माली, माधुरी, केशव सैनी, अमित कुमार तमोली, कमलेश जाटव, आकाश कुशवाह, ललिता माली, भारती बंसल, कुंती देवी, अमृत धोबी, मुकेश गौड़, भगवान सिंह माली, नरेश माली, मालती लोधा, अंजू वर्मा, शबनम बानो, बद्री माली, लक्ष्मीबाई, इसाक खान, राजेंद्र माली, रश्मि शुक्ला, पूनम पचौरी और उपसभापति सुनील सैनी मौजूद थे।

### पोस्टर विमोचन किया

भरतपुर (निस)। रघुवीर फौजदार फिल्म प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनी वालीवुड मूवी "द ठोट किंग महाराजा सूरजमल अजेय योद्धा" के डायरेक्टर व एक्टर आकाश फौजदार व प्रोड्यूसर रघुवीर फौजदार के द्वारा फिल्म के पोस्टर का विमोचन महाराजा विश्वेन्द्र सिंह द्वारा कराया गया। यह फिल्म महाराजा सूरजमल की जीवनी पर आधारित है। इसके माध्यम से हमारे महापुरूषों के स्वर्णिम इतिहास को पुर्नजीवित करने का कार्य किया जायेगा। इस अवसर पर जे.पी. सिंह दिल्ली, प्रोड्यूसर रघुवीर सिंह, आकाश फौजदार, चन्द्रपाल सिंह नंबरदार, बबलू प्रधान, नरपत सिंह, गोविन्द सिंह नारायना, पुष्पेंद्र फौजदार, सत्यपाल फौजदार, हरपाल फौजदार, दीपू सिंह आदि उपस्थित रहे।

### दीपावली मिलन समारोह 17 को

**भरतपुर** (निस)। श्री मित्र भारत समाज संस्थान भरतपुर का सर्व धर्म दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह 17 अक्टूबर 2025 को संस्थान के संस्थापक स्व. भगवत कटारा की जयंति पर 400 असहाय, जरूरतमंद परिवारों को आधी-आधी किलो मिठाई वितरण की जावेगी। कर्यक्रम संयोजक श्याम सिंह जघीना के अनुसार समारोह हरि चौतन्यपुरी महाराज के सानिध्य में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सुभाष गर्ग होंगे। संस्था के साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज असहाय परिवारों एवं कामकाजी महिलाओं को प्रधान कार्यालय कटारा भवन पर सुशीला कटारा के सानिध्य में वस्त्र वितरण किये गये। संस्थान के अध्यक्ष कुलदीप कटारा ने कहा कि 17 अक्टूबर 2025 को शहनाई मैरिज होम रनजीत नगर भरतपुर पर दोपहर 12 बजे 400 असहाय, जरूरतमंद परिवारों को आधी-आधी किलो मिठाई वितरित की जावेगी एवं भगवत कटारा की प्रेरणा से चलाये गये मानव सेवा कार्य यथावत उनके पश्चात भी चलाये जा रहे हैं।

### मातृ सम्मेलन का भव्य आयोजन

**भरतपुर** (निस)। विद्या भारती राजस्थान के तत्वधान में सप्त शक्ति संगम मातृ सम्मेलन का कार्यक्रम डॉ. यशपाल उर्मिलेश आर्य आदर्श विद्या मंदिर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय जवाहर नगर भरतपुर मैं आज 15 अक्टूबर 2025 विद्यालय प्रांगण मैं आयोजित किया गया कार्यक्रम मुख्य अतिथि प्रमिला फौजदार, राष्ट्रीय सेविका समिति जिला कार्यवाहिका कार्यक्रम के अध्यक्षा गायत्री आर्य समाज सेविका, विशिष्ट अतिथि विधि शर्मा, मुख्य वक्ता जसवीर कौर विभाग संयोजिका , जिला संयोजका ललिता चौधरी, सहसंयोजका नीतू सिंह,कार्यक्रम संयोजक हेमलता मोरवाल उपस्थिति रही कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अनीता शर्मा ने किया अतिथि परिचय हेमलता मोरवाल ने कराया प्रस्तावना विद्यालय की आचार्या ने भारतीय नारी मात्र एक व्यक्ति नहीं अपितु एक संपूर्ण चेतना है।


**कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रा. शि. करौली ( राज. )**

क्रमांक:-जिशिअ/करौली/लेखा/2025-26/264-268 दिनांक: 15.10.2025

**खुली निविदा सूचना संख्या 06/2025-26**

वित्तीय वर्ष 2025-26 की शेष अवधि के लिए मिड डे मील योजनान्तर्गत जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारम्भिक शिक्षा करौली तथा अधीनस्थ 08 मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों (करौली, हिण्डौन, टोडाभीम, नादौती, सपोटरा, श्रीमहावीरजी, मासलपुर तथा मण्डरायल) प्रत्येक के लिए एक-एक कुल 09 (नौ) कम्प्यूटर सिस्टम मय प्रशिक्षित कार्मिक (मशीन विद मैन) दर अनुबंध पर (अनुमानित लागत 6.00 लाख रूपये) उपलब्ध कराने हेतु विनिर्दिष्ट पंजीकृत बोलीदाता/संवेदकों से खुली बोली (तकनीकी-वाणिज्यिक/क्वालिफाइड बिड व वित्तीय/प्राईस बिड) दिनांक 15.10.2025 को सायं 05 बजे से दिनांक 24.10.2025 को दोपहर 11 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा के संबंधित विस्तृत विवरण स्थानीय कार्यालय एवं बेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

UBN No-EED2526SSRC00622

जिला शिक्षा अधिकारी
मुख्यालय प्रारम्भिक शिक्षा करौली



**कार्यालय नगरपरिषद, करौली राज0**

फोन न0 07464-294024 ई-मेल आईडी np.karauli@yahoo.com

क्रमांक : 3094 दिनांक : 09.10.2025

**ई - निविदा सूचना**

सर्वसाधारण एवं उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता हैं कि नगरपरिषद करौली मय डिफेक्ट लाईबिलिटी पीरियड (कार्य दोष निवारण अवधि)के शहर करौली निम्न विकाय कार्य कराना चाहती हैं, जिस हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई टैण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विवरण व शर्ते www.sppp.raj.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

| कुल निविदा कार्य | नगरपरिषद क्षेत्र में प्रकाश बीडी वाले के मकान से देवीलाल जैन के मकान तक, जैन हवेली से भटटों की चक्की की गली, पुलिस चौकी से राजू डिक्स के मकान से होते हुए भंवर लाल के मकान वाली गली होते हुए नवल बिहारी मंदिर तक पुरानी नगरपालिका मोड से वारी पाडा होते हुए टंटा हनुमान मंदिर तक, खूटिया वाले हनुमान जी से वरपाडा होते हुए चतेरों की फर्श तक, श्री मदनमोहन जी मंदिर के सामने वाला नया रास्ता, गोमती कॉलोनी में आशुतोष जी के मकान तक सीसी रोड निर्माण कार्य | शहर चलो अभियान 2025 के दौरान नगर परिषद क्षेत्र करौली में पेच/नाली/क्रासिंग/रोड मरम्मत कार्य | सीसी रोड निर्माण कार्य अरविन्द शर्मा के प्लॉट से विपिन शुक्ला के मकान तक डीआरडीए ऑफिस के पीछे कृष्णा कॉलोनी करौली |
|---|---|---|---|
| निविदा की लागत | 49.98 | 24.99 | 21.98 |
| धरोहर राशि | प्रत्येक कार्य हेतु लागत का 2 प्रतिशत | | |
| निविदा शुल्क | 1000/- रूपये | 1000/- रूपये | 500/- रूपये |
| निविदा प्रोसेसिंग शुल्क | 500/-रूपये | 500/-रूपये | 500/-रूपये |
| ऑनलाईन निविदा फॉर्म मिलने /डाउनलोड की तारीख | दिनांक 10.10.2025 5:00पीएम से 28.10.2025 समय 6:00पीएम0 तक | | |
| ऑनलाईन निविदा फॉर्म जमा कराने की अन्तिम तिथि | 28.10.2025 समय 6:00 पीएम0 तक | | |
| निविदा शुल्क व दस्तावेज जमा कराने की अन्तिम तिथि | 31.10.2025 समय 4:00 पीएम0 तक | | |
| ऑनलाईन बिड खोलने की तारीख | 31.10.2025 समय 02.00 पीएम0 | | |
| निविदा प्रपत्र व शर्ते डाउनलोडिंग बेबसाईट | eproc.rajasthan.gov.in | | |
| कार्य दोष निवारण (डिफेक्ट लाईबिलीटी पीरियड) | 01वर्ष | | |
| कार्य की समयावधि | 02 माह | | |
| UBN. - | DLB2526WSRC21296 | DLB2526WSOB21297 | DLB2526WSOB21298 |

सभापति
नगरपरिषद, करौली

आयुक्त
नगरपरिषद, करौली

राज.संवाद/सी/25/12191


### दीपावली मिलन समारोह संपन्न

**भरतपुर** (निस)। जय श्री बांके बिहारी सेवा समिति द्वारा संस्थापक अध्यक्ष जयप्रकाश गोयनका की अध्यक्षता में दीपावली मिलन समारोह आर्य पब्लिक स्कूल में मनाया गया.संस्थापक जयप्रकाश गोयनका ने बताया सर्वप्रथम समिति की आम बैठक हुई जिसमें अध्यक्ष हरगोविंद मिश्रा व कोषाध्यक्ष गोपाल गर्ग द्वारा समिति के आय और व्यय का विवरण दिया गया. संस्थापक जयप्रकाश गोयनका ने कहा कि समिति बहुत जल्दी एक मोक्ष वाहिनी शुरू करने जा रही है क्योंकि भरतपुर में इसकी बहुत ही आवश्यकता है. महामंत्री कपिल गुप्ता ने कहा की समिति द्वारा 14 नवंबर को 11 बेटियों के सार्वजातीय सामूहिक विवाह करवाए जा रहे हैं उसके बारे में चर्चा हुई. 10 बेटियों के रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं. बैठक के पश्चात सामूहिक भोज का आयोजन किया गया।

# स्कूलों में कलर करवाने की मांग, सरपंच संघ ने सौंपा ज्ञापन

■ **लम्बे समय से षष्टम वित्त आयोग की राशि राज्य वित्त आयोग को जारी नही की गयी है**

**करौली।** करौली जिले के सरपंच संघ ने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को ज्ञापन पेश कर विद्यालयों में रंग, कलर पेंट करवाने की मांग की है। सरपंच संघ प्रशासन छगन बाई के नेतृत्व में बरखेडा सरपंच सरवती, प्रियंका शर्मा, रामदेई गुबरेडा, रवीना, गिलासी, रंगलाल महौली सहित कई अन्य सरपंचों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि विद्यालय भवनों के सौंदर्यकरण करने के लिये पंचायती राज संस्थाओं के अधीन ग्राम पंचायतों के राजकीय विद्यालयों के भवनों के रंग कलर करने के निर्देश प्रदान किये गये है। इस कार्य के लिये राज्य वित्त आयोग षष्टम से राशि 1,00,000 रूपये अधिकतम ग्राम पंचायत को अनुमत किये गये है। शिक्षा विभाग एवं पंचायत राज विभाग का यह कदम सराहनीय है। लेकिन लम्बे समय से षष्टम वित्त आयोग की राशि राज्य वित्त आयोग जारी नही की गयी है। इस कारण ग्राम पंचायतों के पास उक्त कार्य करने के लिये कोई राशि उपलब्ध नही है। ग्राम पंचायत में विद्यालयों की संख्या भी अधिक है तथा भवन भी बडे है। इस कारण अनुमत की गयी 1,00,000 रूपये की राशि पर्याप्त नही रहेगी। विभाग द्वारा 9 अक्टूबर 2025 को आदेश जारी करते हुए 13 अक्टूबर 2025 से 24 अक्टूबर 2025 के मध्य रंग / कलर का कार्य करवाने के निर्देश जारी किये गये है। यह समयावधि अत्यन्त अल्प है।

इस कारण कार्य को करवाने से पूर्व वार्षिक कार्य योजना में सम्मिलित करवाना, उसके पश्चात् सक्षम स्तर से प्रशासनिक तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति जारी करवाना, स्वीकृति जारी होने के पश्चात् उपापन नियमों के तहत निविदा प्रक्रिया भी सम्पादित की जानी होगी। इस कार्य में ही न्यूनतम 15-20 दिवस की अवधि की आवश्यकता होगी। गत कुछ समय से ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्य योजना से बाहर जाकर एवं उपलब्ध वित्तीय सीमाओं से कई अधिक के कार्य प्रदेश स्तर पर ग्राम पंचायतों पर थोपे जा रहे है, जो पर्याप्त बजट नही होने के कारण ग्राम पंचायतों द्वारा कराया जाना किसी भी स्तर पर संभव नहीं है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मांग कि है की यह कार्य 13 अक्टूबर 2025 से 24 अक्टूबर 2025 की समय सीमा के स्थान पर एक माह पश्चात् या शीतकालीन अवकाश में यह कार्य करवाने एवं 1,00,000 रूपये की अधिकतम सीमा के स्थान पर प्रत्येक विधालय की तकनीकी अधिकारियों के द्वारा जारी तकमीने के आधार पर प्रसाशनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी करते हुए रंग / कलर का कार्य करवाने के निर्देश दिये जावे।